हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 6 अप्रैल 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

4
उत्कल समाज की बहु उपयोगी पत्रिका सुविधा का विमोचन



### आदिवासी संस्कृति, आतिथ्य परंपरा और रोजगार संवर्धन की पहल की सराहना

# राज्यपाल ने केरेगांव होम स्टे का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

राज्यपाल रमेन डेका जशपुर प्रवास के दौरान शनिवार को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल देशदेखा के समीप स्थित केरेगांव पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत विकसित होम-स्टे का भ्रमण किया। इस दौरान वे स्थानीय आदिवासी संस्कृति, जनजीवन और पारंपरिक आतिथ्य परंपरा से रूबरू हुए। होम-स्टे प्रवास के दौरान उन्होंने देशदेखा समूह की महिलाओं द्वारा पारंपरिक विधि से तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद चखा। राजपाल श्री डेका ने ग्रामीण परिवेश में विकसित होम-स्टे को प्रेरणादायक कदम बताया और कहा कि यह प्रयास न केवल ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय महिलाओं और ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं।

इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं द्वारा चीला रोटी, महुआ रोटी, चटनी, पीठा रोटी सहित अन्य पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इन व्यंजनों के उत्कृष्ट स्वाद, शुद्धता एवं पारंपरिक विधि से बनाए जाने की सराहना करते हुए स्थानीय संस्कृति की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने 'जसक्राफ्ट' ब्रांड के तहत छिंद एवं कांसा से निर्मित पारंपरिक आभूषण माला एवं झुमके राज्यपाल को भेंट किए। राज्यपाल श्री डेका ने स्थानीय महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल कौशल विकास, रोजगार सृजन तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगी।

### एडवेंचर स्पोर्ट, पर्यटन को मिलेगी नई गति

इस दौरान 'देशदेखा क्लाइंबिंग कम्पनी' के सदस्यों ने भी राज्यपाल से भेंट की। उन्होंने क्षेत्र में एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि यहां नियमित रूप से रॉक क्लाइंबिंग जैसे खेलों का आयोजन किया जाता है। राज्यपाल ने अधिकारियों को ऐसे खेलों को निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन देने को कहा, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिले और अधिक से अधिक युवा इन गतिविधियों की ओर आकर्षित हों। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार,वनमंडलाधिकारी श्री शशि कुमार, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## मातृत्व वन में रोपे पौधे, पर्यावरण संरक्षण के लिए किया प्रोत्साहित



राज्यपाल रमेन डेका ने सर्किट हाउस जशपुर के मातृत्व वन में सीता अशोक का पौधे का रोपण कर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किए। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और वनमंडला अधिकारी शशि कुमार और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन के वन जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जशपुर में मातृत्व वन विकसित किया गया है।लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में विकसित इस मातृत्व वन में 400 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है, जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संवेदनाओं के अद्वितीय समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करता है। मातृत्व वन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी माताओं के नाम पर पौधरोपण किया गया। इस पहल ने कार्यक्रम को भावनात्मक और सामाजिक रूप से विशेष महत्व प्रदान किया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि माँ हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं और उनका स्थान सर्वोच्च होता है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से हम माँ के प्रति सम्मान को प्रकृति से जोड़ रहे हैं। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि मातृत्व वन जैसी पहलें न केवल हरित क्षेत्र बढ़ाने में सहायक होंगी, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करेंगी।

## प्रत्येक माह लगाएं मेडिकल कैंप



राज्यपाल रमेन डेका ने रविवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों और जशपुर विकासखंड के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किए एक पेड़ मां के नाम अभियान का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के संभावित टीबी मरीजों की जानकारी ली और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को मरीजों का बेहतर इलाज करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्तन कैंसर की भी विशेष जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए जाए मरीजों को मेडिकल कॉलेज रायपुर अम्बिकापुर और एम्स रायपुर भेजकर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सिकल सेल बीमारी और रेड क्रॉस सोसायटी की गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों और गांव गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवार के लिए प्रत्येक माह मेडिकल कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए कहा है और उनके जीवन शैली में बदलाव लाने के लिए शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

## सोगड़ा आश्रम में की काली की पूजा



राज्यपाल रमेन डेका ने रविवार को मनोरा विकास खंड के सोगड़ा स्थित जशपुर के प्रसिद्ध अघोर संत भगवान अवधूत राम के आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने काली की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आश्रम प्रवास के दौरान राज्यपाल श्री डेका ने संभव राम बाबा से भेंट कर आश्रम की विभिन्न गतिविधियों एवं परंपराओं के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की।

## खबर संक्षेप

### नरकालो बांध में जाल में फंसा मिला बालक का शव

**रजपुरीकला।** नरकालो बाँध में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मछली पकड़ने के लिए डाले गए जाल में एक 8 वर्षीय बालक का शव फंसा मिला, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मांझा धवईटिकरा निवासी जमादार सारथी का पुत्र आकाश सारथी (8 वर्ष) शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह पापा में घर जा रहा है। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। इसी दौरान कुछ लोग बांध में मछली पकड़ रहे थे। जब उन्होंने जाल बाहर निकाला तो उसमें एक बालक का शव फंसा हुआ मिला। जाल में बालक को शव मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। आशंका जताई जा रही है कि बालक बांध में स्नान करने गया तभी जाल में फंस गया जिससे पानी में डूबने से बालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### आरोपी की हुई पहचान तलाश में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** सद्भावना चौक के समीप फ्रेश फिश कंपनी के झाला में महिला की खून से सनी लाश मिलने के मामले में पुलिस की जांच जारी है। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कोतवाली थाना, साइबर सेल समेत चार विशेष पुलिस टीम का गठन किया है। इस बीच पुलिस ने मृतिका और आरोपी की पहचान करने में सफलता हासिल कर ली है। पुलिस ने मृतिका की लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द किया इसके साथ ही घटना स्थल पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज व लोगों से की गई पूछताछ के बाद और भी जानकारी सामने आई है। जिस व्यक्ति के साथ महिला जाते हुए नजर आई है उसकी पहचान पांडा उर्फ मिथुन के रूप में की गई है। घटना पश्चात संदेही द्वारा अन्य एक अन्य घूमन्तु महिला से तम्बाकू मांग कर खाने की बात सामने आई है। पुलिस फिलहाल संदेही की तलाश में जुटी हुई है।

### खड़े टैंकर में घुसी बाइक युवक की हुई मौत

**पत्थलगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरीपानी के पास सड़क किनारे खड़े पानी के टैंकर में बड़ी दुर्घटना में रुबिन तिर्की सिरिल तिर्की उम्र 22 वर्ष जामजूनवानी की मौत हो गई। रविवार की सुबह किसी ने देखा तो पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने मोके में पहुच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अब पुलिस जांच कर ये पता लगाने की कोशिश करेगी कि आखिर ये दुर्घटना कैसे हुई। इस दुर्घटना की स्थिति को देखने से ये प्रतीत होता है कि युवक रात में स्पीड में रहा होगा और सड़क किनारे खड़े टैंकर में अपनी मोटरसाइकिल दे मारा जिससे मौके पर युवक की मौत हुई हो क्योंकि मोटरसाइकिल पूरी तरह टैंकर के अंदर घुस गई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## जादू-टोना के शक में बुजुर्ग महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गीतारी पानी में अंधविश्वास की भयावह तस्वीर सामने आई है। जादू-टोना के शक में एक 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- बगीचा क्षेत्र के गीतारी पानी गांव में सनसनीखेज वारदात

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका फूलमइत बाई उम्र 71 वर्ष गांव में अकेली रहती थी। वह लकवाग्रस्त थी और चलने-फिरने में असमर्थ थी। परिवार के अन्य सदस्य पहले ही गुजर चुके थे, जिससे वह पूरी तरह दूसरों पर निर्भर थी। घटना 3 अप्रैल की रात की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि गांव के ही आरोपी छदनु राम उम्र 30 वर्ष को अपने परिवार के सदस्यों के बार-बार बीमार पड़ने पर फूलमइत बाई पर जादू-टोना करने का शक था। इसी अंधविश्वास के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया। 4 अप्रैल की सुबह जब मृतिका की देखरेख करने वाली महिला भोजन लेकर उसके घर पहुंची, तो उसने फूलमइत ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

घटना की गंभीरता को देखते हुए बगीचा थाना पुलिस ने तत्काल भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मौके का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने हत्या की पुष्टि की।

### पूछताछ में कबूला जुर्म

पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी छदनु राम को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि 3 अप्रैल की रात करीब 9 बजे वह महिला के घर पहुंचा और पास में पड़े लकड़ी के डंडे से उसके सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी।

### हथियार बरामद, आरोपी भेजा गया जेल

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा जब्त कर लिया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## जशपुर जिले के चार शिक्षक हुए सम्मानित

**जशपुरनगर।** जशपुर फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमरेसी एफएलएन एनईपी 20 के तहत एक राष्ट्रीय मिशन है जिसका लक्ष्य है , नवाजतन के 6 बिंदु पर कार्य करते हुए 100% समझ के साथ पढ़ने लिखने और बुनियादी गणित की दक्षता को पूर्ण किए है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा बच्चों के स्तर को सुधारने के लिए प्राथमिक शालाओं में यह कार्यक्रम संचालित है। इसके तहत पुरे प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाता है। इस वर्ष 2026 हेतु एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स शिक्षक सम्मान में चयनित शिक्षकों की सूची प्रकाशित की गई है जिसमें जशपुर जिले से मीना सिन्हा प्राथमिक शाला टिकैतगंज विकास खंड जशपुर वंदना माझी प्राथमिक शाला रजला विकास खंड मनोरा भूपेंद्रनाथ राम निषाद प्राथमिक शाला फिटिंगपारा विकासखंड फरसाबहार गणेश राम चौहान प्राथमिक शाला खूंटी टोली विकासखंड कासाबेल का चयन किया गया है शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव जी के हाथों से मोमेंटो, और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिनका तीन चरणों में ,सर्वप्रथम गूगल लिंक भर कर तय समय सीमा में पूरा किया।

## रौनियार समाज ने किलकिला में मनाई महर्षि कश्यप जयंती



**पत्थलगांव।** रौनियार समाज ने रविवार को किलकिला में महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई। रविवार की सुबह से ही रौनियार समाज के लोग परिवार के साथ मिलकर किलकिला के पावन धाम भगवान भोलेनाथ किलकेलेश्वर धाम पहुंचे। सुबह 9 बजे से महर्षि कश्यप जयंती का कार्यक्रम को शुरू किया गया।

सर्वप्रथम महर्षि कश्यप की फोटो की आरती की गई। किलकिलेश्वर मन्दिर में विराजमान कपिल मुनि की मुखिया अरुण गुप्ता, संरक्षक शिव शंकर गुप्ता, मदन गुप्ता, विजय गुप्ता ने पूजा की। रौनियार समाज के परिवार जनों को जलपान ग्रहण करवाया गया और फिर महर्षि कश्यप जयंती के अन्य कार्यक्रम को शुरू किया गया जिसमें बच्चों से लेकर महिलाओं एवं पुरुष वर्ग ने बारी बारी से खेलकूद में भाग लिया। महर्षि कश्यप मुनि के फ्लेक्स के पास काफी लोग सेल्फी लेते दिखे जो सामाजिक भाई चारे और समाज के लिए एक तरह से ऊर्जा का संचार करने जैसा था। 11 बजे रौनियार परिवार के लोगों का गमछा पहनाकर, महिलाओं को स्टाल देकर सम्मान किया गया।समाज का हर व्यक्ति बहुत ज्यादा खुश दिखा समाज के लोग जब एक जगह एक मंच में पूरे परिवार के साथ मिलते हैं। आनन्द बहुत बढ़ जाता है। यही वो समय होता है। जब पूरे समाज के लोग एक दूसरे से अच्छी तरह मिल पाते हैं। जहां आज के दौर में पूरी तरह जिंदगी सभी की भागम भाग वाली है। किसी के पास ही समय नहीं है। पर जब भी मौका मिले और खास कर समाज के बीच तो उन समय का जम कर आनंद उठाना ही चाहिए और यही किया पत्थलगांव का रौनियार समाज ने भरपूर आनन्द उठाया। खेलों में बच्चो सहित महिलाओं, पुरुषों ने भाग लिया। कुर्सी दौड़ से लेकर टेबल में रखे गिलास को टेनिस बाल से मार कर गिराने जैसे कार्यक्रम में भाग लेकर महिलाओं ने जम कर आनंद उठाया। इसी तरह हाथ बांध कर चॉकलेट खाना, एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये ▶▶ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### जल संरक्षण और रोजगार सृजन अवसरों की दी गई जानकारी

**राजपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले के विकासखण्ड अंतर्गत मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत ग्राम पंचायत धंधापुर में जल संरक्षण, भूजल रिचार्ज एवं आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मनरेगा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के समन्वय से नवा तरिया आय के जरिया अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को नवा तरिया के माध्यम से आय अर्जन के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। चौपाल में लोगो को बताया गया कि समूह आधारित गतिविधियों को अपनाकर ग्रामीण परिवार अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस दौरान जनपद सीईओ श्री संजय कुमार दुबे, जिला एपीओ संजय यादव, कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार, तकनीकी सहायक आशुतोष सहित एनआरएलएम टीम एवं इंडियन ग्रामीण सर्विसेज की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। टीम द्वारा नवा तरिया निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करते हुए आगामी मई माह तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए सामुदायिक सहभागिता से स्थायी विकास सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य विद्युत नंदी किये गये सम्मानित



**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी के प्राचार्य विद्युत नंदी के सेवानिवृत्त होने पर उनके शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने उन्हें शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया,बताया गया कि श्री नंदी ने 31 दिसंबर 1986 को अपनी शैक्षणिक सेवा की शुरुआत की थी और लगभग चार दशकों तक विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए,अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,वे पिछले 7 वर्षों से हायर सेकेंडरी स्कूल करंजी में प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदस्थ थे,उनके नेतृत्व, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण ने विद्यालय को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर प्रतापपुर, रामानुजनगर, ओड़गी एवं प्रेमनगर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नू सिंह धुर्वे, डी.एस लकड़ा, प्रदीप सिंह एवं प्रताप पैकरा विशेष रूप से उपस्थित रहे, इसके अलावा शासकीय कन्या उमा विद्यालय के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य, पीएम श्री सेजेस रामानुजनगर के प्राचार्य पीसीसोनी, नावापारा के प्राचार्य शम्भू निषाद, वरिष्ठ व्याख्याता अमर जैन तथा संकुल समन्वयक गौरीशंकर पाण्डेय सहित जिले के अनेक प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सभी ने श्री नंदी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

### डबल मर्डर केस में पुलिस को मिले अहम सुराग

**जांजगीर-चांपा ।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में हुए डबल मर्डर केस में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। एफएसएल, डॉग स्क्वॉड और साइबर टीम की मदद से पुलिस जांच में जुटी है। दम्पत्ति के पहचान के ही लोगों द्वारा वारदात को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा किया है। ग्राम खपरी में घर में सो रहे बुजुर्ग दम्पत्ति की मंगलवार की रात हत्या कर दी गई। अपराधियों ने संतराम साहू (65 वर्ष) और उनकी पत्नी श्याम बाई साहू (61 वर्ष) की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की। बुधवार 1 अप्रैल की सुबह जब बड़ा बेटा किसी काम से घर पहुंचा तो अंदर एक ही कमरे में संतराम साहू और श्याम बाई की रक्त रंजीत लाश मिली। घर में दोनों बुजुर्ग ही रहते थे।

## तीन लाख का 14 किलो गांजा किया जब्त

# रायगढ़ एवं जशपुर जिले के दो गांजा सप्लायर को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- आरोपी लंबे समय से कर रहे थे गांजा सप्लाई

नशे के कारोबारियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने रायगढ़ एवं जशपुर जिले के दो गांजा सप्लायर को राधापुर बैरियर के पास धर दबोचा। टीम ने दोनों आरोपियों के पास से तीन लाख कीमत की 14 किलो गांजा जब्त किया जबकि तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले। टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता प्रभारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र में गश्त कर रहे टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि जिला रायगढ़ एवं जशपुर के सप्लायर लोग थाना सीतापुर अंतर्गत राधापुर बेरियर के आस-पास भारी मात्रा में गांजा की सप्लाई करने वाले हैं। सूचना पर टीम ने बैरियर के समीप घेराबंदी कर रखे थे। इसी बीच बाइक क्रमांक सीती 13 बीबी 9565 व एक अन्य बाइक में पांच लोग आते नजर आए। इधर आबकारी उड़नदस्ता की टीम देर शाम से ही सिविल ड्रेस में राधापुर बैरियर के आस-पास घेराबंदी कर निगरानी रखी हुई थी। लगभग रात्रि लगभग 9 बजे दो बाइक में 5 लोग राधापुर बैरियर से बनेया रोड में सुनसान जगह पर जाकर खड़े हुए। आबकारी उड़नदस्ता की टीम चारों तरफ से आगे बढ़ी तो अचानक सभी बाइक सवार भागने लगे। अंधेरा का फायदा उठाकर तीन लोग भाग निकले जबकि दो लोगों को टीम ने पकड़ लिया। पूछताछ में अपना नाम टीकेश्वर यादव निवासी लैलूंगा रायगढ़ तथा खिलेश्वर यादव निवासी राजाआमा जशपुर बताया। साथ ही फरार लोगों के संबंध में पूछताछ की तो पता चला कि दीनू यादव, किशोर पैकरा एवं प्रदीप यादव जो राजाआमा थाना बागबहार के रहने वाले है। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने दोनों के बैग में तीन लाख कीमत की 7-7 पैकेट 14 किलो गांजा जब्त किया। आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक कुमारूराम, अशोक सोनी तथा नगर सैनिक रणविजय सिंह, महिला सैनिक चंद्रावती एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।



जब्त गांजा के साथ आरोपी।

### बॉर्डर का उठाते थे फायदा

जशपुर एवं रायगढ़ जिला गांजा की तस्करी के लिए जाना जाता है। दोनों जिला का बॉर्डर ओडिशा राज्य से लगा हुआ है जबकि ओडिशा राज्य में गांजा की खेती बड़ी संख्या में करते है। रायगढ़ और जशपुर जिले के कुछ लोग इसी बॉर्डर का फायदा उठाकर गांजे का कारोबार धड़ल्ले से करते हैं।। उड़ीसा में गांजा बहुत सस्ता है उसी सस्ते गांजे को तस्कर छत्तीसगढ़ में महंगे दाम में बेचकर काफी मुनाफा कमाते हैं।

### नशीले इंजेक्शन के दो विक्रेता गिरफ्तार

संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने नशीले इंजेक्शन के दो विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 76 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता प्रभारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 2 अप्रैल को गश्त के दौरान अजिरमा बुधवारी बाजार पानी टंकी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को देखकर रोकने का प्रयास किया गया तो वह भागने लगा उसे दौड़ा कर पकड़ा गया। पूछने पर उसने अपना नाम पूरनम विश्वकर्मा निवासी कटकोना पटना बताया। परंतु वह किराए के मकान में काली घाट के पास रहता है। टीम ने उसके पास रखे झाले से 44 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। इसी प्रकार 3 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर आराधना नामक लड़की जेल तालाब दर्रीपारा के पास खुलेआम इंजेक्शन बेच रही है उसे घेराबंदी कर पकड़ा। उसके पास से पॉलीथीन में 32 नग इंजेक्शन जब्त किया। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।



### फरार आरोपियों की तलाश जारी

गांजा तस्करी कर रहे दो सप्लायर को पकड़ा गया है। दोनों के पास से तीन लाख कीमत के 14 किलो गांजा जब्त किया गया है। मामले में तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। जशपुर और रायगढ़ ओडिशा राज्य से लगा है जिसका फायदा तस्कर उठाते है। नशे के कारोबारियों की धरपकड़ लगातार जारी रहेगा।

-रंजीत गुप्ता, सहायक जिला आबकारी अधिकारी



## एयर मार्शल बाल कृष्णन मणिकांतन ने किया सैनिक स्कूल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कैडेटों से कहा- जीवन में मिलने वाले अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए

शनिवार को भारतीय वायु सेना के एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सेन्ट्रल एयर कमांड सेवा मेडल से सम्मानित एयर मार्शल बाल कृष्णन मणिकांतन ने सैनिक स्कूल का दौरा किया। इस दौरान स्कूल की प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने दरिमा स्थित एयरपोर्ट व स्कूल परिसर में एयर मार्शल बाल कृष्णन मणिकांतन का का स्वागत किया। एयर मार्शल के दौरे की शुरुआत विक्रम बत्रा ब्लॉक में अधिकारियों, जेसीओ, एनसीओ के परिचय से हुई। इसके बाद कैडेट्स ने एयर मार्शल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने सेंट्रल एट्रियम में कैडेटों और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने नेतृत्व, समर्पण और सशस्त्र बलों में ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ करियर बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है और कैडेटों को इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। दौरे का मुख्य आकर्षण होमी भाभा कम्पोजिट साइंस लैब का उद्घाटन था जो कैडेटों के बीच वैज्ञानिक सोच और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने पर स्कूल के फोकस को रेखांकित करता है। एयर मार्शल ने एसएसबी ग्राउंड, कैंपस का दौरा किया जहां उन्होंने कैडेटों के लिए उपलब्ध बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण सुविधाओं की सराहना की। कार्यक्रम में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती और कर्मचारियों के साथ बातचीत शामिल थी।

## बकाया कर वसूली को लेकर नगर पंचायत हुआ सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- समय पर कर नही पटाने वाले उपभोक्ताओं के काटे जायेंगे नल कनेक्शन

सालों से बकाया कर पटाने में लापरवाही बरतने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नगर पंचायत ने सख्त रुख अख्तियार किया है। नगर पंचायत ने वर्षों से जल, समेकित कर की बकाया राशि नही पटाने वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर वसूली अभियान छेड़ दिया है। इस अभियान के दौरान आनाकानी करने वाले बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका नल कनेक्शन काटा जा रहा है ताकि वो अपना बकाया राशि जमा कर सके। गौरतलब है कि नगर में रहने वाले लोगों को पेयजल, साफ सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के बदले में नगर पंचायत द्वारा प्रत्येक माह कर के रूप में निर्धारित राशि ली जाती है। इस राशि से नगर पंचायत नगर पंचायत अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वेतन देती है लेकिन नगर के उपभोक्ताओं द्वारा समय पर कर की राशि नही पटाने से नगर पंचायत की व्यवस्था प्रभावित गई है। जिसे देखते हुए नगर पंचायत ने बकायादारों की सूची तैयार कर वसूली अभियान छेड़ दिया है। नगर पंचायत द्वारा गठित टीम घर घर जाकर बकायादारों से कर की बकाया राशि वसूल रही है। वसूली के दौरान कर नही पटाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के तौर पर उनके घर का नल कनेक्शन काटा जा रहा है ताकि वो इससे सबक लेते हुए समय पर अपना बकाया राशि नगर पंचायत में पटा सकें। नगर पंचायत द्वारा इस सख्ती का उद्देश्य शत प्रतिशत बकाया कर राशि की वसूली एवं व्यवस्था को पटरी पर लाना है।

इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि कई नगरवासियों द्वारा सालों से नगर पंचायत का कर नही पटाया गया है। जिसकी वजह से नगर पंचायत को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बकायादारों को असुविधा से बचना है तो वो समय पर अपना बकाया कर पटा दे ताकि नगर की व्यवस्था एवं रखरखाव व्यवस्थित तरीके से किया जा सके।

### ग्राम मितगई में बूथ एवं पंचायत कमेटी का गठन

**रामानुजगंज।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिशन गांव चलो अभियान के तहत जिला प्रभारी शफी अहमद, जिला अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मधु गुप्ता के अगुवाई मे आरागाही मंडल अंतर्गत ग्राम मितगई मे बूथ एवं पंचायत कमेटी का गठन अतिथियों के समक्ष किया गया। सर्वसम्मति से मितगई बूथ क्रमांक 166 में लक्ष्मण मराबी, बुथ क्रमांक 167 में हीरालाल राम, बूथ क्रमांक 168 में जगदेव अगरिया एवं पंचायत कमेटी मितगई अध्यक्ष के रूप में समल सिंह को चुना गया। इस दौरान अजय सोनी, अरुण अग्रवाल, अशोक जायसवाल, व्यासमुनी यादव, प्रमोद गोस्वामी, अरविंद दुबे, मुमताज अंसारी, कौशल जायसवाल, सनोज दास, प्रेम सागर सिंह, नीरज गुप्ता, मज़रुल अंसारी, अनिल गुप्ता, बुद्धदेव पोया, प्रतीक सिंह, अशोक गोंड, अजय गुप्ता, चंदेश्वर कुशवाहा, नौशाद आलम, बंशीधर सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## 12वीं बोर्ड की हिंदी पुनर्परीक्षा अब 10 अप्रैल को

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं हिंदी विषय की पुनर्परीक्षा को लेकर इस बार कड़ी सख्ती बरतने का निर्णय लिया है,पूर्व में प्रश्न पत्र लीक की आशंका के चलते निरस्त की गई परीक्षा अब 10 अप्रैल को नए सुरक्षा प्रबंधों के साथ आयोजित की जाएगी। इसी संबंध में शनिवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई,बैठक में मास्टर ट्रेनर एवं प्राचार्य पी.सी.सोनी तथा वरिष्ठ व्याख्याता ओमप्रकाश राजवाड़े ने पीपीटी के माध्यम से परीक्षा संचालन और प्रश्न पत्र वितरण की नई प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी है।

**प्रश्न पत्रों के बंडल में वन टाइम लॉक सिस्टम हूआ लागू-** नई व्यवस्था के तहत इस बार प्रश्न पत्रों के बंडल में वन टाइम लॉक सिस्टम लागू किया गया है,प्रत्येक केंद्र के लिए अलग यूनिक कोड होगा,जिसे केवल कलेक्टर द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी की उपस्थिति में ही खोला जा सकेगा,प्रश्न पत्रों को स्ट्रांग रूम में रखने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

**प्रश्न पत्रों की पैकिंग बोरी की जगह कार्टूनों में, वितरण में भी किया गया बदलाव-** प्रश्न पत्रों को अब बोरी के बजाय कार्टून (डिब्बों) में पैक कर भेजा जाएगा। समन्वय केंद्र पर कार्टून खोलने के बाद केंद्राध्यक्ष लिफाफों की गिनती करेंगे और किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जाएगी।प्रश्न पत्रों को सम्बंधित थाने में सुरक्षित रखा जाएगा और वहां से परीक्षा केंद्र तक केवल केंद्राध्यक्ष या सहायक केंद्राध्यक्ष ही ले जा सकेंगे,इस दौरान सुरक्षा गार्ड भी उपलब्ध कराया जाएगा।जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी केंद्राध्यक्ष बोर्ड के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा पहले 14 मार्च को आयोजित हुई थी, लेकिन पेपर लीक की खबर के बाद उसे निरस्त कर दिया गया था,अब कड़ी निगरानी और नई व्यवस्था के साथ परीक्षा दोबारा कराई जा रही है। बैठक में जिले के सभी 70 परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ओवरब्रिज पर आवगमन शुरू, रेल फाटक स्थाई रूप से होगा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग पर दतिमा समीप रेलवे द्वारा निर्मित रोड ओवरब्रिज को आमजन के लिए खोल दिया गया है,इसके साथ ही कुमदा स्थित समपार रेल फाटक को स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिश्रामपुर-करंजी स्टेशनों के बीच किलोमीटर 1016/04-05 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या एबी-69 (कुमदा रेल फाटक) के स्थान पर सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रोड ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। अब इसके चालू होने के बाद यह वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग में आएगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार, यह रेल फाटक 5 अप्रैल,रविवार दोपहर 3 बजे से सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा, ओवरब्रिज के शुरू होने से क्षेत्र में यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम होने की उम्मीद है।रेलवे विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा के लिए नए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

### विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश सदस्य नियुक्त होने पर संजीव का किया गया स्वागत



**लखनपुर।** भाजपा छत्तीसगढ़ विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश सदस्य नियुक्त होने पर अधिवक्ता संजीव कुमार सेठ का लखनपुर तहसील के समीप स्थित कार्यालय में तहसील के अधिवक्ता, स्टॉप वेंडर, मुख्तार व टाइपिस्ट ने फूल माला पहनाकर कर स्वागत किया। नवनियुक्त विधि प्रकोष्ठ प्रदेश सदस्य संजीव कुमार सेठ ने कहा अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे सरगुजा के प्रतिनिधित्व का प्रदेश सदस्य के रूप में अवसर मिला है। इस दौरान अधिवक्ता लखन सिंह, देवदत्त सोनी, मुकेश कुमार राजवाड़े, सुरेंद्र राजवाड़े, स्टांप वेंडर सत्यदेव दास महंत, टाइपिस्ट व अधिवक्ता लिपिक दिव्या दास महंत, ऐश्वर्या राजवाड़े, रामलाल महंत, धनसु राजवाड़े, खिलेश्वर राजवाड़े, नीरज गुप्ता, ताराचंद दास, प्रकाश राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बिश्रामपुर -भटगांव रोड पर अधजली हालत में मिली नाबालिग युवती

- नाजुक हालत में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में शनिवार की सुबह एक युवती अधजली हालत में सड़क किनारे पड़ी मिली। सूचना मिलने पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से झुलसी युवती को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया,चिकित्सकों के अनुसार युवती 90 प्रतिशत से अधिक झुलस चुकी है।

बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे फोन के माध्यम से सूचना मिली कि रामनगर पासंग नाला के पास आरटीआई कॉलोनी की तरफ एक युवती गंभीर हालत में पड़ी है,मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे अस्पताल पहुंचाया,उस समय युवती बोलने की स्थिति में नहीं थी,लेकिन उसने किसी तरह दो मोबाइल नंबर पुलिस को दिए,पुलिस ने नंबर पर संपर्क किया तो भूपेंद्र सिंह नामक युवक सामने आया, जिसे अस्पताल बुलाया गया,उसके आधार पर युवती की पहचान ग्राम गोरखनाथपुर निवासी के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने बताया कि युवती उससे मिलने आई थी और दोनों के बीच मोबाइल को लेकर कुछ विवाद हुआ था।प्रारम्भिक पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि युवती ने रास्ते में एक दुकान से पेट्रोल खरीदा था,हालांकि घटना के कारणों को लेकर स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है,पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर यह भी आशंका जताई जा रही है कि दोनों के बीच आपसी विवाद के चलते घटना हुई हो सकती है, लेकिन पुलिस का कहना है कि युवती के बयान के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। दस्तावेजों के आधार पर युवती के नाबालिग होने की बात भी सामने आई है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नगर में निकाली गई वीर हनुमान की भव्य शोभा यात्रा

**राजपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम बरियों क्षेत्र में प्रभु श्रीराम और वीर हनुमान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पंचमुखी हनुमान पुलिस चौकी बरियों से मां चंद्रघंटा मंदिर बघिमा तक विशाल जनसमूह के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र जय श्रीराम एवं बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा में बलरामपुर, सरगुजा और सूरजपुर से आए लगभग दस प्रसिद्ध डीजे आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही देहरादून से आई विशाल झांकी में वीर हनुमान, भगवान शंकर और मां काली की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आव्हाड नृत्य के साथ-साथ पारंपरिक सुगा नृत्य, करमा नृत्य तथा जशपुरिया डाक बाजा की प्रस्तुति को भी लोगों ने खूब सराहा। धमाल बैंड की धुन पर युवा, महिलाएं और बच्चे झूमते नजर आए। कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ सामरी विधानसभा क्षेत्र की विधायक उद्देश्वरी पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल तथा जिला उपाध्यक्ष कमला प्रसाद सिंह की उपस्थिति भी रही। जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया और क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता की सराहना की। मां चंद्रघंटा सेवा समिति एवं बघिमा के ग्रामवासियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई।



## ट्रक की टक्कर से गंभीर कार सवार की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत


**अम्बिकापुर।** एल्मुनिया रिफाइनरी कंपनी से ड्यूटी कर शहर लौट रहे कार सवार एजीएम को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए कार सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रायपुर अंतर्गत एकता चौक लक्ष्मीनगर टिकरापारा निवासी राजेश मिश्रा आ. शिव प्रसाद मिश्रा (45 वर्ष) लुण्ड्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलसिला स्थित एल्मुनिया रिफाइनरी कंपनी में एजीएम के पद पर पदस्थ थे। हर रोज की भांति शुक्रवार की शाम कंपनी से ड्यूटी कर अपनी क्रेटा कार से शहर आ रहे थे। जैसे ही लुचकी घाट काली मंदिर के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वाहन का सामने वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वहीं सवार राजेश मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी बीच पत्नी सरस्वती ने फोन किया तो पति ने बताया कि उसका एक्सीडेंट हो गया है और जल्दी आने की बात कही। इसी बीच मार्ग से गुजर रहे दो युवको ने कार में गंभीर हालत में पड़े राजेश मिश्रा को किसी तार बाहर निकाला और दूसरे कार से शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सूने मकान में साड़ी का फंदा लगाकर दी जान

जैजैपुर। सूने मकान में साड़ी का फंदा लगाकर युवक ने अपनी जान दे दी। घटना जैजैपुर थाने का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कलमी निवासी सोनू यादव पिता फूल सिंह यादव 37 वर्ष अपने ससुराल जैजैपुर वार्ड क्रमांक 8 स्थित सुने मकान पर अपनी पत्नी की साड़ी को फंदा बनाकर फांसी के फंदे पर झूल गया। घर के अन्य सदस्य कोई भी घर पर नहीं थे। पत्नी संतोषी घटना की सूचना थाने में दी सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा शव विच्छेदन पश्चात लाश परिजनों को सौंप दी गई। शव को लेकर परिजन कलमी पहुंच उसका अंतिम संस्कार किया।

## पंजरी प्लांट के रास्ते में ठेला राहगीरों को हो रही परेशानी

**रायगढ़।** पंजरी प्लांट रोड पर कई महीनों से सुचेतना महिला समिति का गुपचुप ठेला बीच सड़क पर खड़ा है। इस कारण मोहल्ले के लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है। ठेला हटाने के लिए यदि कोई बोलता है तो उससे विवाद किया जाता है। ऐसे में वहां का माहौल भी खराब हो रहा है। नगर निगम के कर्मचारियों को भी इसकी जानकारी है, लेकिन ठेला वहां से हटाया नहीं जा रहा है। हालात यह है कि आए दिन यहां लोग दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। निगम के कर्मचारियों का इधर ध्यान ही नहीं है।



# ‘धुरंधरः द रिवेंज’ की बॉक्स ऑफिस पर पकड़ मजबूत

**मुंबई।** डायरेक्टर आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर ‘धुरंधरः द रिवेंज’ बॉक्स ऑफिस पर एक अजेय योद्धा की तरह आगे बढ़ रही है। रिलीज के तीसरे शुक्रवार (16वें दिन) को फिल्म ने न केवल अपनी पकड़ मजबूत रखी, बल्कि दुनिया भर में 1500 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार कर एक नया इतिहास रच दिया है। इस फ़िल्म ने पहले ही ‘केजीएफः चेप्टर 2’ (859.70 करोड़), ‘आरआरआर (782.20 करोड़), और ‘कल्की 2898 एडी’ (646 करोड़) के भारत में हुए कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को 13,317 शो में फ़िल्म की कमाई में 17.8% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

लाइफ Style



# रश्मिका

## पहली फिल्म से मिला हिट करियर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी अभिनेत्रियां रही हैं, जिन्होंने 80 के दशक से लेकर अब तक हिंदी सिनेमा की तरफ रुख किया है। श्रीदेवी, जयाप्रदा, हेमा मालिनी और रेखा समेत कई ऐसी अभिनेत्रियां रही हैं, जिनके करियर की नींव दक्षिण भारत में रखी गई लेकिन सफलता उन्हें हिंदी सिनेमा से मिली।

आज के दौर की ऐसी ही अभिनेत्री हैं रश्मिका मंदाना, जिन्होंने दक्षिण भारत में हिट फिल्म देने के बाद पैन इंडिया सफलता पाने में देर नहीं लगाई। 5 अप्रैल को जन्मी रश्मिका तेलुगू और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में जाना-माना नाम बन चुकी हैं। उन्होंने फिल्म किरिक पार्टी से 2016 में फिल्मी दुनिया में कदम रखा था और अपनी पहली ही फिल्म से रश्मिका बहुत बड़ी स्टार बन गई थीं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने अभिनेता रक्षित शेट्टी के साथ काम किया। 4 करोड़ में बनी फिल्म ने 50 करोड़ की मोटी कमाई की और यह फिल्म रश्मिका के करियर की पहली हिट भी बनी। इस फिल्म में न सिर्फ रश्मिका को अच्छा करियर दिया बल्कि उन्हें रक्षित शेट्टी के रूप में अच्छा पार्टनर भी मिला। दोनों की जोड़ी को कन्नड़ सिनेमा में बहुत पसंद किया जाने लगा और फैंस भी दोनों की जोड़ी को असल जोड़ी के रूप में देखने लगे। आलम ये था कि सेट पर रश्मिका और रक्षित के बीच नजदीकियां बढ़ चुकी थीं। दोनों ने फिल्म के सुपरहिट होने के बाद साल 2017 में सगाई की लेकिन दोनों का रिश्ता एक साल बाद ही टूट गया। अलग होने की वजह दोनों में वैचारिक मतभेद था लेकिन यह बात रक्षित के फैंस को बिल्कुल पसंद नहीं आई।

हॉलीवुड मसाला



# एना की स्केरी मूवी में वापसी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की मशहूर हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी ‘स्केरी मूवी’ इन दिनों सुर्खियों में है। दरअसल, इसका छठा पार्ट बनने जा रहा है। खास बात यह है कि इस फिल्म में एना फेरिस अपने लोकप्रिय किरदार सिंडी कैंपबेल के रूप में वापसी कर रही हैं, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। एना फेरिस ने कहा, जब मार्लोन वायंस ने मुझे फोन कर बताया कि वे ‘स्केरी मूवी’ की टीम को फिर से साथ ला रहे हैं, तो इस बात पर एक पल के लिए मुझे यकीन ही नहीं हुआ। यह मेरे लिए खुशी की बात थी।




# बचपन में हो गया था बेहद दुखी : रैडक्लिफ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार डैनियल रैडक्लिफ के दुनिया भर में बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। हालांकि, बच्चों का ‘हैरी पॉटर’ फेम स्टार से खास रिश्ता है। अभिनेता ने अपने बचपन के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनके बचपन में कई पल ऐसे आए, जब वो टूट गए और बेहद दुखी हो गए थे। ‘हैरी पॉटर’ स्टार ने अपने कल की तुलना आज से करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि मेरा बचपन आज के रूप को पहचान पाएगा, क्योंकि अब मुझे जो खुशी मिल रही है, वह पहले नहीं थी। अभिनेता ने बताया, मेरी जिंदगी में ऐसे भी पल आए हैं, जब मैं बहुत ज्यादा दुखी था, खासकर तब जब मैं बहुत छोटा था। उन्होंने बताया, आज मैंने अपना दिन अपने 3 साल के बेटे के साथ सड़क पर टहलते हुए बिताया।



# महाकाल की भक्ति में लीन हुई कावेरी

**उज्जैन।** अभिनेत्री कावेरी प्रियम उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने महाकालेश्वर मंदिर में बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और काफी देर तक हाथ जोड़कर बाबा के भक्ति रस में डूबी नजर आईं। नंदी महाराज के पास मौजूद अभिनेत्री बाबा महाकाल को निहारती नजर आईं। उन्होंने बताया कि वह पिछले तीन सालों से लगातार महाकाल दर्शन के लिए आ रही हैं। यहां की ऊर्जा को शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। भस्म आरती के समय जो शक्ति और ऊर्जा मिलती है, वह अलौकिक होती है। उसे महसूस करके ही समझा जा सकता है। यहां आकर मन को बहुत शांति मिलती है। अभिनेत्री कावेरी प्रियम ने ‘नागिन 2’, ‘परदेस में है मेरा दिल’ और ‘सावधान इंडिया’ जैसे शो में छोटी भूमिकाओं के साथ शुरुआत की।




# राजकुमार की ‘टोस्टर’ का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव की आगामी फिल्म ‘टोस्टर’ का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म एक ऐसे आदमी के बचत करने के पक्के इरादे की कहानी है, जो चाहे कुछ भी हो जाए, बचत करना नहीं छोड़ता है। ट्रेलर में राजकुमार राव रमाकांत नामक प्यारे और सीधे-सादे कंजूस के रोल में दिख रहे हैं। रमाकांत को लगता है कि हर बचाया हुआ रुपया उसकी बड़ी जीत है। वह रोजमर्रा की छोटी-छोटी चीजों से भी ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की कोशिश करता है और जिस चीज पर एक बार पैसे खर्च कर देता है, उसे आसानी से जाने नहीं देता। रमाकांत बचत करने के मामले में एक बिल्कुल ही नए स्तर पर पहुंच जाता है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब रमाकांत और उसकी पत्नी एक शादी में किसी को टोस्टर गिफ्ट करते हैं।

टीवी मसाला

# ‘ऑन डिफरेंट ग्राउंड्स’ से ग्लोबल मंच पर कदम रखेंगे विनीत रैना

**मुंबई।** छोटे पर्दे के मशहूर अभिनेता विनीत रैना अंतर्राष्ट्रीय फिल्म ‘ऑन डिफरेंट ग्राउंड्स’ के जरिए ग्लोबल मंच पर कदम रखने जा रहे हैं। यह फिल्म जून महीने में थिएटर्स में रिलीज होने वाली है।



अभिनेता का मानना है कि भारतीय कलाकारों को अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों में एक बार जरूर काम करना चाहिए। विनीत ने अपनी आगामी फिल्म ‘ऑन डिफरेंट ग्राउंड्स’ में शामिल होने की पूरी प्रक्रिया बताई। उन्होंने कहा, जब प्रोड्यूसर और राइटर निखिल निधि ने मुझे इस फिल्म का कॉन्सेप्ट सुनाया, तो मैं तुरंत तैयार हो गया। मना करने का कोई कारण ही नहीं था। यह मेरी कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का शानदार मौका था। एक एक्टर के तौर पर मुझे लगता है कि ऐसे अवसरों को हमेशा हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।उन्होंने कहा, इस फिल्म में घाना, दक्षिण अफ्रीका और यूएसए के कई प्रतिभाशाली अंतर्राष्ट्रीय कलाकार काम कर रहे हैं। मेरी को-स्टार अवीना, जो कि मिस यूएसए हैं। उन्होंने कहा, हमें सक्रिय रूप से अंतर्राष्ट्रीय कास्टिंग एजेंसियों से जुड़ना चाहिए और दुनियाभर में मौजूद मौकों को तलाशने चाहिए। रचनात्मकता का यह आदान-प्रदान हमें फिल्म-निर्माण की अलग-अलग शैलियां सीखने में मदद करता है और कलात्मक विकास को बढ़ावा देता है।



# डिवोर्स के बाद हंसिका की नए फेज में एंट्री

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने डिवोर्स का ऐलान किया था। वहीं, पति सोहेल खातोरिया से तलाक के बाद अब हंसिका अपनी जिंदगी के नए फेज में एंटर कर चुकी हैं। दरअसल, हंसिका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की,जिनमें वह जापान की खूबसूरत वादियों में छुट्टियां मनाती नजर आ रही हैं। इंटरनेट पर हंसिका के इस ट्रीप की तस्वीरें खूब वायरल हो रही है। इन फोटो में हंसिका काफी रिलैक्स और खुश नजर आ रही हैं. इसके अलावा, वो अपनी मां और भाई के साथ मस्ती करती हुई नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर फैंस भी हंसिका के इस अंदाज को काफी पसंद कर रहे हैं। हंसिका के इंस्टाग्राम अकाउंट को ध्यान से देखने पर फैंस ने गौर किया कि एक्ट्रेस ने पति सोहेल कथूरिया के साथ की सभी तस्वीरों और वीडियो को डिलीट कर दिया है। यहां तक कि शादी की तस्वीरें भी नजर नहीं आ रही हैं।

# फिल्म ‘कप्तान’ में अपराधी के किरदार में दिखेंगे सिद्धार्थ

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धार्थ निगम इन दिनों एक्शन-क्राइम ड्रामा वेब सीरीज ‘कप्तान’ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। सीरीज में उन्होंने एक कबीर नाम के आक्रामक, भावुक और दृढ़ निश्चयी अपराधी का किरदार निभाया है। सिद्धार्थ निगम ने बताया कि फिल्म कबीर का रोल मिलने के बाद उन्होंने इमोशनल लेयर्स को बेहतर समझने के लिए एक्टिंग वर्कशॉप की थी।

उन्होंने बताया, इस किरदार में बहुत गहराई और अंदरूनी संघर्ष हैं। वर्कशॉप ने मुझे हर सीन को नई नजर से देखने में मदद की। यह मेरे करियर का अहम पड़ाव था। सिद्धार्थ ने आगे अपने किरदार को रोमांचक बताया। उन्होंने कहा, मेरा रोल चैलेंजिंग नहीं, बल्कि बहुत रोमांचक है। हर



एक्टर लेयर्ड रोल चाहता है, जिसमें एक्शन, इमोशन और हल्का ह्यूमर भी हो। इस स्क्रिप्ट में ये सारे एलिमेंट पहले से थे, इसलिए मुझे सब एक्सप्लोर करने का पूरा मौका मिला। उन्होंने शूटिंग के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। अभिनेता ने कहा, शूटिंग के दौरान हमारे लिए सबसे बड़ा चुनौती थी मौसम। हम हर दिन तेज गर्मी में शूटिंग कर रहे थे और उसमें भरपूर एक्शन सीन भी थे। एक बार अंजुम शर्मा के साथ फाइट सीन के दौरान हम यह भी नहीं समझ पा रहे थे कि किसे ज्यादा पसीना आ रहा है।

# मोरक्कन संग ‘बेजाफ’ में बिखेरेंगी जलवा



**मुंबई।** कहते हैं कि कला की कोई सीमा नहीं होती है और इस बात को अभिनेत्री शहनाज गिल ने सच कर दिखाया है। दरअसल, उन्होंने मोरक्को पॉप स्टार साद लमजारेद के साथ मिलकर ‘बेजाफ’ गाना बनाया है। इस गाने में भारतीय और मोरक्कन संस्कृति का अनोखा मेल सुनने को मिलेगा। शहनाज ने अपने इंस्टाग्राम पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में शहनाज और साद लमजारेड दोनों नजर आ रहे हैं, जिसे देखकर फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। शहनाज ने पोस्ट कर लिखा, इस साल के पहले क्रॉस-कल्चरल हिट ‘बेजाफ’ के लिए तैयार हो जाइए। इसका टीजर रविवार सुबह 11 बजे यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। यह गाना दोनों कलाकारों की क्रॉस-कल्चरल कोलैबोरेशन है। ‘बेजाफ’ गाने में भारतीय धुनों के साथ मोरक्कन बीट्स और इंस्ट्रूमेंट्स का खास मिश्रण है। इसमें अलग-अलग भाषाओं और संगीत शैलियों का सुंदर संगम है।

## ‘द कंज्यूरिंग’ से ‘द शाइनिंग’ तक, हर पल होगी धड़कन तेज

# डर से कांप जाएगी रूह, ओटीटी पर देखें हॉरर फिल्में

*मुंबई। कुछ बेहतरीन हॉरर फिल्म जिन्हें देख आपकी रूह कांप जाएगी। ये सारी फिल्में ओटीटी पर अवेलेब है। अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं, तो यह लिस्ट आपके लिए बिल्कुल परफेक्ट है। ओटीटी पर मौजूद ये फिल्में अपने डरावने सीन्स और सस्पेंस से आपको पूरी तरह बांध लेंगी। ‘द कंज्यूरिंग’ से लेकर ‘द शाइनिंग’ तक, इन फिल्मों का हर पल आपकी धड़कनों को तेज कर देगा और आपको आखिर तक स्क्रीन से हटने नहीं देगा।*

### ‘द कंज्यूरिंग’ सबसे डरावनी फिल्म

‘द कंज्यूरिंग’ एक सबसे डरावनी फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म को जेम्स वॉन ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में वेरा फार्मिगा, पैट्रिक विल्सन और रॉन लिविंगस्टन जैसे स्टार्स नजर आए। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### 2014 में रिलीज फिल्म ‘एनाबेल’

साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म ‘एनाबेल’ में दिखाया गया है कि, कैसे एक गुड़िया के सहारे एक शख्स कुछ लोगों की जिंदगी को कठिन बनाता है। फिल्म में एनाबेले वलिस, वार्ड हॉर्टन और अल्फ्रे वुडार्ड ने काम किया। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



### मां और बेटे की कहानी ‘द बाबाडूक’

साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म ‘द बाबाडूक’ में एक मां और बेटे की कहानी दिखाई गई है। जिन्हें एक किताब ‘मिस्टर बाबाडूक’ की वजह से परेशानियां झेलनी पड़ती है। ये फिल्म प्राइम वीडियो पर अवेलेबल है।

### ‘द शाइनिंग’ बेहतरीन हॉरर फिल्म

साल 1980 में रिलीज हुई फिल्म ‘द शाइनिंग’ एक बेहतरीन हॉरर फिल्म है। इस फिल्म को स्टेनली कूबिक ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी 1977 में द शाइनिंग नाम की बुक पर बेस्ड है, जिसे स्टीफन किंग ने लिखा था। फिल्म में जैक निकोलसन , शेली डुवैल , डैनी लॉयड और स्कैटमैन क्रॉथर्स जैसे स्टार्स नजर आए थे। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ब्रिटिश हॉरर-थ्रिलर ‘द डिसेंट’

‘द डिसेंट’ एक ब्रिटिश हॉरर-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म छह महिलाओं की कहानी है, जो एक गुफा की खोज के दौरान फंस जाती हैं। ये फिल्म अपने जबरदस्त सीन्स, खौफनाक माहौल के लिए जानी जाती है। इसे आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

### ‘इंसिडियस’ सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म

‘इंसिडियस’ एक सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म है और इसे एक बेहतरीन फिल्म माना जाना है। इस फिल्म को जेम्स वॉन ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में ‘द फर्दर’ नाम की एक मिस्टीरियस दुनिया के बारे में दिखाया गया है, जहां आत्माएं बसती हैं। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

